फरीद
हिन्दुस्तान
मंगलवार, 1 नवंबर 2022
02
ehindustan.com

# ‘भावगत कथा सुनने से मिलती है मानसिक शांति’

फरीदाबाद, संवाददाता। भागवत कथा सुनने से व्यक्ति के मन में परम संतोष उत्पन्न होता है और वह भौतिक जगत में शांति पूर्वक जीवन बिताता है। यह बात विधायक राजेश नागर ने अशोका एन्क्लेव में आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होने पर कही।

उन्होंने यहां व्यास पीठ पर उपस्थित भागवत मनीषी परम श्रद्धेय राम कृष्ण शास्त्री महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने भक्तों से कहा कि भागवत कथा सुनने से निखरता है।

**संगोष्ठी में वक्ताओं ने विचार रखे** : बल्लभगढ़ के अग्रवाल महाविद्यालय में सोमवार को संस्कृत विभाग एवं हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

श्रीमद्भागवत गीता का योगदान विषय पर हुई इस संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची प्रो. कमला भारद्वाज लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय में पूर्व संस्कृत व्याकरण विभागाध्यक्षा व देव प्रसाद प्रांतीय अध्यक्ष विद्या भारती ने विचार रखे।